दिनांक 06/12/2023 को निदेशालय सीका में AQAR के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 06/12/2023 को सीका निदेशालय में AQAR को भरे जाने एवं यू0जी0सी0 डैब एवं नैक पोर्टल में जमा करने की प्रक्रिया हेतु एक बैठक आहूत की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:-

1- प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे	निदेशक, सीका
2- डॉ मदन मोहन जोशी	सदस्य, सीका
3- डॉ गगन सिंह	सदस्य, सीका
4- डॉ आशुतोष भट्ट	सदस्य, सीका
5- डॉ शालिनी सिंह	सदस्य, सीका
6- डॉ शालिनी चौधरी	सदस्य, सीका
7- श्री अनुराग भट्ट	सदस्य, सीका
8- श्री त्रिलोक सिंह	सदस्य, सीका

बैठक में AQAR को पूर्ण किए जाने हेतु संज्ञान में आए कतिपय बिन्दुओं पर निम्नलिखित निर्णय लिए गये:-

1- AQAR के बिन्दुओं का प्राप्त आंकडों से मिलान कर AQAR का कार्य शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाने की अनुशंसा की गई।

2- विश्वविद्यालय में पंजीकृत शिक्षणार्थियों से सम्बन्धित आकड़ों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने तथा गुणवत्ता सुधार हेतु नीतियॉ बनाने एवं नैक(NAAC) व डेब (DEB) पोर्टल में सही सूचनायें अंकित किये जाने के लिये Data Collection हेतु Master Templet विकसित जाने पर समिति द्वारा सहमति दी गई। इस हेतु समस्त सहायक निदेशक, आई0 टी0 और रिसर्च आफिसर की एक बैठक आयोजित किये जाने की अनुशंसा की गई।

3- AQAR के कतिपय बिन्दुओं में परीक्षा से सम्बन्धित आंकडों की आवश्यकता के दृष्टिगत एवं परीक्षा परिणाम अभी घोषित न होने के कारण समिति द्वारा AQAR को 16 दिसम्बर तक पोर्टल पर अपलोड किए जाने पर सहमति दी गई।

4- सदस्यों का सुझाव था कि विश्वविद्यालय की वार्षिक रिर्पोट एवं AQAR में कई बिन्दु ऐसे हैं जिन पर सत्र की शुरूवात से ही कार्य किया जाना अपेक्षित है। अत: ऐसे कार्यो को चिन्हित करते हुए सत्र के शुरूवात से ही उन पर कार्य किये जाने एवं समय-समय पर सीका द्वारा कार्यों की प्रगति की समीक्षा किये जाने का निर्णय लिया गया।

5- विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं समिति के अध्यक्ष/ समन्वयकों से प्रकोष्ठ/समिति की प्रगति आंख्या नियमित रूप से सीका को प्रेषित किये जाने पर समिति द्वारा सहमति दी गई तथा ICT से उक्त हेतु Link बनाये जाने के निर्णय पर अब तक हुई प्रगति पर पृच्छा किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्त में निदेशक, सीका का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

निदेशक, सीका